'सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले कमजोर नहीं होते, उनको निखारने की जरूरत'

■ भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया 400 अधिक प्रतिभाओं का सम्मान

उदयपुर, (कासं)। बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वी जन्म जयंती पर भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रतिभावान छात्र- छात्रा सम्मान समारोह 456 विद्यार्थियों,4 विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों और 30 शाला प्रधानों को सम्मानित किया गया।

समारोह में 460 विद्यार्थियों एवं 30 शाला प्रधानों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। इसी प्रकार उदयपुर जिले के कक्षा 10 वीं व 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों अंजलि नागदाए शिवराजसिंह चौहान, मोहम्मद यासीन हुसैन, भाग्यवंती कुम्हार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कटारिया ने बच्चों का उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय में पढने वाले कमजोर नहीं होते है। उनको निखारने की आवश्यकता है।इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सम्बोधन में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि व्यक्ति कितना महान होता है उनके जीवन से पता चलता है। उनकी सादगी आत्मीयता सभी को कायल कर देती थी। पोकरण के बम का विस्फोट कर उन्होंने दुनिया को बता दिया कि भारत कहीं भी कमजोर नहीं है। उन्होंने एक मत कम होने पर भी अपनी सरकार को त्याग कर देश के लोकतंत्र में एक उदाहरण प्रस्तुत किया उनकी कविताओं में भाव होते थे।उन्होंने कहा मुझे याद है वाजपेयी जी के कारण में 1620 वोटों से जीता। उदयपुर में वाजपेयी की अचानक सभा तय कर दी गई थी। तब मेरे पास कुछ नहीं था। हमने उदयपुर के गुलाबबाग में एक मंच बना दिया। वो रतलाम से आए थे। सामान्यत: नेता अव्यवस्था पर देखकर नाराज हो जाते हैं। वाजपेयी का चमत्कार देखिए कि मेरी जिदंगी में पहली आमसभा देख रहा हूं जिसमें लोग पेड की टहनी पर इधर.उधर बैठे हैं। उन्होंने जनता को अपनी तरफ आकर्षित किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने यह आलोचना नहीं की थी कि यहां बिछाने को कुछ नहीं है और सिर्फ माइक लगा दिया और मुझे यहां खडा कर दिया। सुंदर सिंह भंडारी के जीवन के प्रसंग का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन से कार्यकर्ताओं का निर्माण किया।दूसरों के लिए जीना ही जीवन है। सरकारी विद्यालय में गरीब का बच्चा ही जाता है और उनमें प्रतिभा बहुत ज्यादा होती है उन्होंने कहा कि भंडारी जी के संस्कारों को हम आज भी अपने जीवन में उतर कर आदर्श बनने का कार्य कर रहे हैं।

भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सम्मान समारोह में छात्र छात्रों सम्मानित किया।

कटारिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय अविश्वास प्रस्ताव आया। तब बहस में वाजपेयी ने कहा था कि मैं पैसे के लेनदेन से बहुमत साबित करने वाली सरकार को चिमटे से भी पकडना पसंद नहीं करूंगा। जब एक वोट से सरकार गिर गई तो उन्होंने यह नहीं कहा कि दूसरी बार मौका दो कहीं गलत बटन दब गया होगा। वे तो पत्र लेकर राष्ट पति को इस्तीफा देने चले गए।उन्होंने कहा कि यह अटल बिहारी वाजपेयी और मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की बहादुरी थी कि पोकरण से दुनिया को ललकारा था। उस समय अमेरिका तक की भौंहें चढ गई थी।कटारिया ने कहा अटल की कविता ऐसी होती थी कि जीवन में उनकी कविता सुनकर मरे की भी जान पैदा हो जाए। अटल बिहारी जब विद्यार्थी थे तब उदयपुर के विद्या भवन में डिबेट में भाग लेने आए थे। उनकी ट्रेन लेट हो गई तो उनका नंबर निकल गया भले वे पहुंच गए थे लेकिन उन्होंने कहा कि मुझे पुरस्कार मत देना लेकिन मुझे कम से कम बोलने का मौका तो दें। उनका भाषण ऐसा था कि सारी सीमाएं लांघ कर पहला पुरस्कार उनको दिया गया।

कटारिया ने जनसंघ के वरिष्ठ नेता सुन्दर सिंह भंडारी को भी याद किया। उन्होंने कहा भंडारी कहते थे। मेरे कार्यक्रम में वही बैठ सकता जो पूरा कार्यक्रम अटेंड करें। या तो आए ही नहीं और आए तो पूरा यहां रुके। कार्यक्रम समय पर शुरू हो। यह अनुशासन हम सुंदर सिंह भंडारी से सीखे। नेताजी आ रहे हैंए नेताजी आ रहे हैं यह कहकर दो घंटे जनता को इंतजार कराए इसका जनता के लिए क्या मायने होंगे यह सोचना होगा। भंडारी की सभा में 10 बैठे हों या 10 हजार वह तय समय पर सभा शुरू कर देते थे।

समारोह को संबोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा गुजरात में 26 सरकारी विवि है वहां भी बेटियों का आंकडा यहीं रहता है। मै बेटियों को भी बधाई देता हूं। मै गांव में किसान के घर पैदा हुआ हूं। ये बेटियां स्कूल में ही नहीं जाती इससे पहले घर के काम में भी ये सहयोग करती है। इन बेटियों ने कीर्तिमान बनाया है।आचार्य देवव्रत ने पीएम मोदी से जुडा किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा मैं पीएम मोदी के गांव वडनगर गया हूं। उनका घर भी देखकर आया हूं। वे सरकारी स्कूल में पढते थे। उनके गांव में शिवरात्रि पर मेला लगता था। आसपास के गांव के लोग भी मेले में आते थे।राज्यपाल देवव्रत ने बताया. उनके पिता ने मेले में खरीदारी या खाने के लिए एक रुपया दिया। मोदी ने अपने सहपाठियों से पूछा था कि उनको कितने पैसे मिले। तो पता चला कि किसी को दो किसी को एक रुपए मिला। चाहते तो वे मेले में कुछ खाकर घर आ जाते। मोदी ने सभी से कहा कि जिसको जितने पैसे मिले वो खर्च नहीं करने हैं। इनको इकठ्ठा कर यहां एक चाय की स्टॉल लगाते हैं। मैं चाय बनाना जानता हूं। मेले में चाय की स्टॉल लगाते हैं और जो पैसा मिलेगा वो राजस्थान में आई बाढ के लिए बाढ पीडतों के लिए भेजेंगे। यह काम मोदी ने उस समय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष ताराचंद जैन ने की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी,सांसद मन्नालाल रावत ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, ट्रस्टी कुंतीलाल जैन, गोपाल कुमावत,शांतिलाल चपलोत, रविंद्र श्रीमाली चंद्रगुप्तसिह चौहान, मनोहर कालरा आदि उपस्थित थे।

उदयपुर में 78 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे ग्रेड सेकंड परीक्षा

उदयपुर,(कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ग्रेड सेकंड सीनियर टीचर भर्ती एग्जाम (संस्कृत शिक्षा विभाग) 28 से 31 दिसंबर तक होगा। उदयपुर जिला मुख्यालय पर विभिन्न विषयों में 78 हजार 111 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस एग्जाम की गोपनीय तैयारी कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देश पर चल रही है। इसमें परीक्षार्थियों को ओएमआर उत्तर पत्रक के 5वें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस एग्जाम में सुबह और शाम दो पारियों में 28 से 31 दिसंबर तक सामाजिक विज्ञान, हिंदी,सामान्य ज्ञान, उर्दू, साइकोलॉजी, विज्ञान, गणित, संस्कृत और अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। कलेक्टर और एसपी योगेश गोयल के लिए इस परीक्षा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था बहाली की बडी चुनौति रहेगी। क्योंकि 28 दिसम्बर से ही भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए बूम पर रहेगा। 28 दिसंबर सुबह 9.30० से दोपहर 12 बजे तक सामान्य विज्ञान की परीक्षा होगी। इसमें 14295 अभ्यर्थी बैठेंगे। इसी दिन दोपहर 2.30० बजे से शाम 5 बजे तक हिंदी की परीक्षा में 11330 अभ्यर्थी शामिल होंगे। 29 दिसंबर सुबह 9.30० बजे से 11.30 बजे तक सामान्य ज्ञान, उर्दू, साइकोलॉजी की परीक्षा होगी। इसमें 34407 अभ्यर्थी बैठेंगे। इसी दिन दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक विज्ञान की परीक्षा 6778 अभ्यर्थी देंगे। इसी प्रकार 30 दिसंबर सुबह 9.30० से दोपहर 12 बजे तक गणित की परीक्षा 4647 अभ्यर्थी देंगे।इसी दिन दोपहर 2.30० से शाम 5 बजे तक संस्कृत विषय की परीक्षा 4०15 अभ्यर्थी देंगे।अंतिम दिन 31 दिसंबर: सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक अंग्रेजी की परीक्षा 2639 अभ्यर्थी देंगे।

सार-समाचार

के.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

कपासन, (निसं)। कपासन प्रीमियर लीग (केपीएल) दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुई। सांसद सीपी जोशी और विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच ड्रीम 11 ने जीता। राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर ये प्रतियोगिता हो रही है।सांसद जोशी ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसी प्रतिभाएं है, जो अवसर नहीं मिलने के कारण निखर नहीं पाती। अब प्रदेश की डबल इंजन की सरकार छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर ला कर उन्हें तराशने का काम भी करेगी। विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहा कि राजस्थान सरकार विकास के कार्य में कोई कमी नही आने देगी। कस्बे में प्रस्तावित चौराहों पर मूर्तियां लगाने के कार्य को जल्दी ही मुर्त रूप दिया जाएगा। विधायक ने सांसद से कस्बे में एक बडा स्टेडियम बनवाने की मांग की। समारोह में पूर्व प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़, नपा अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी, नपा उपाध्यक्ष ऐजाज अली, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सिरोया, पूर्व प्रदेश मंत्री अशोक चंडालिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंभू लाल जाट, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, जीएसएस अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, पार्षद पुष्पा वैष्णव, अशोक विजयवर्गीय, लता वैष्णव, सुनीता शर्मा, वंदना बुढ़साना, अकील शाह आदि विशिष्ट अतिथि थे। साथ ही अथितियोका स्वागत आयोजकों की ओर से मनिषा बारेगामा सहित आदि सदस्यों द्वारा उपरना पहनाकर किया गया।

आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग 29 से

उदयपुर, (कासं)। संस्कृतभारती चित्तौड़ प्रांत का आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग 29 दिसंबर की शाम से 5 जनवरी की सुबह तक आलोक स्कूल, फतहपुरा, उदयपुर में होगा। इस प्रांत स्तरीय आवासीय वर्ग में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों और 6 इकाइयों से लगभग 250 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इनमें 70 बालिकाएं भी शामिल हैं। पांच वर्षों के अंतराल के बाद उदयपुर में हो रहे इस वर्ग में संस्कृतमय आचरण और वातावरण का सृजन होगा। शिविरार्थी खेल-खेल में संस्कृत सीखने के साथ-साथ व्याकरण शास्त्र, स्तोत्र पाठ, योगाभ्यास, भाषा क्रीड़ा आदि का अभ्यास करेंगे। वर्ग का उद्देश्य संस्कृत को रोचक और उपयोगी बनाना है, जिससे छात्र सहजता से संस्कृत का ज्ञान अर्जित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि आवासीय वर्ग के शिविर तीन श्रेणियों के होते हैं। प्रथम स्तर पर विभागीय स्तर पर भाषा बोधन वर्ग होता है जो प्रारंभिक प्रवेश का आधार है। इसके बाद प्रांत स्तर पर भाषा प्रबोधन वर्ग होता है जिसमें केवल प्रथम स्तर पूरा कर चुके अथवा संभाषण में सक्षम छात्र ही प्रवेश ले सकते हैं। तृतीय और अंतिम स्तर प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग होता है जिसमें केवल प्रथम और द्वितीय स्तर के वर्ग पूर्ण कर चुके छात्र ही भाग ले सकते हैं। संस्कृतभारती पिछले 43 वर्षों से संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय है। यह संस्था भारत के सभी राज्यों के साथ-साथ विश्व के 26 देशों में भी संस्कृत के प्रचार का कार्य कर रही है। संगठन का उद्देश्य समाज में संस्कृत के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ाना है।

पालिका को मिली नई जेसीबी

कपासन, (निसं)। कपासन नगर पालिका को नई जेसीबी मिली है। जेसीबी का पिछले 5 साल से नगर पालिका को इंतजार था। बोर्ड बैठकों में इसके प्रस्ताव लिए गए थे। लेकिन अब जाकर पालिका ने जेसीबी खरीद कर इसका शुभारंभ किया। नई जेसीबी आने से कस्बे की सफाई और कचरा हटाने का काम सुविधाजनक होगा।पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा, जेईएन खेमराज गुर्जर, स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा समेत कर्मचारियों ने इस नई जेसीबी का विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पंडित राजू ने पूजा करवाकर आरती करवाई। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक नंदलाल मेनारिया, जमादार मुकेश कोदली, जगदीश गौड़, शकील, शांतिलाल खटीक, जगदीश शर्मा, सचिन सोनवाल, शिवलाल माली, प्रियंका गर्ग मौजूद रहे।जेईएन मीणा ने बताया कि पूर्व में नगर पालिका में छोटी 2 जेसीबी थी। जो कस्बे में सफाई कार्य के लिए अपर्याप्त थी। छोटी होने से सफाई कार्य और कचरा उठाने में दिखते आ रही थी। जिसके चलते बोर्ड के प्रस्ताव अनुसार नई बड़ी 3 6 इन वन बकेट वाली जेसीबी खरीदी गई। जिसकी लागत 34.44 लाख की आई।

सुशासन दिवस मनाया

मंडफिया, (निसं)। पंचायत समिति भदेसर के सभागार में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम के उपलक्ष में सुशासन दिवस मनाया गया। इसी क्रम में प्रधान सुशीला कंवर आक्या द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया साथ ही विकास अधिकारी अभिषेक शर्मा एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पवन कुमार आचार्य, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह द्वारा माल्यार्पण किया गया। विकास अधिकारी अभिषेक शर्मा द्वारा सुशासन दिवस की शपथ/ संकल्प दिलाई गई। पंचायत समिति सहायक लेखा अधिकारी भवानी शंकर तिवारी, केशियर देवराज सिंह राणावत, कनिष्ठ सहायक प्रकाश धोबी, ऑपरेटर नरेश कुमार, तेजपाल चंद्र, मोहन, राजपाल सिंह एवं महेश सेन ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के महान व्यक्तित्व पर व्यक्तत्व दिया गया एवं चर्चा की गई, साथ ही विकास अधिकारी शर्मा द्वारा सुशासन सप्ताह मनाए जाने की जानकारी दी गई। अधिक से अधिक आम नागरिक के कार्यों को शीघ्र निपटाए जाने का आठाह किया गया।

संदीप यादव बने ब्लॉक अध्यक्ष

देवगढ़, (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जिला शाखा राजसमन्द के निर्देशानुसार उप शाखा देवगढ़ की कार्यकारिणी के चुनाव बुधवार को देवगढ़ पंचायत समिति परिसर में कराये गये एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन व पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया।ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी महादेव प्रसाद पानेरी ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उप शाखा देवगढ़ की कार्यकारिणी के चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनिल कुमार शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष (महिला) रेणु छीम्पा, ब्लॉक महामंत्री कमलेश मीणा, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सालवी, ब्लॉक संगठन मंत्री जसराज गोयल, मीडिया प्रभारी सुनिल यादव, ब्लॉक मंत्री (महिला) जीनल सेन एवं राकेश खोखर जिला प्रतिनिधी चुने गए। इस चुनाव के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

सुशासन की दिलाई शपथ

राजसमंद, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन और नगर परिषद द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने पुष्प अर्पित करते हुए वाजपेयी को नमन किया। इसके बाद उन्होंने सभी को सुशासन की शपथ दिलाई गई। इस शपथ के साथ ही स्वच्छता सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान साकेत साहित्य संस्थान के साहित्य प्रेमियों की ओर से वाजपेयी द्वारा रचित और उनके जीवन पर आधारित कविताओं का काव्य पाठ किया। इस अवसर पर नारायण सिंह राव, कुसुम अठावाल, चंद्रशेखर नारलाई, कमल अठावाल, लेखराज मीणा, ममता खटीक ने अटल जी के महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित की।

युवक की हार्ट अटैक से मौत

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर घूमने आ रहे एक युवक की हार्ट अटैक आने से ट्रेन में ही मौत हो गई। मृतक सरकारी शिक्षक था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय (40) पुत्र प्रभुदयाल भरोडिया निवासी बूजीवाला नीम का वास नीम का थाना जो अपने एक साथी शिक्षक राजकुमार के साथ उदयपुर घूमने आ रहा था। दोनों नीम का थाना से ट्रेन में रवाना हुए और सुबह उदयपुर पहुँचे। राजकुमार ट्रेन के राणा प्रतापनगर पर पहुँचने पर राजकुमार ने सो रहे संजय को उठाने का का प्रयास किया तो वह उठा नहीं। इस पर जीआरपी को बताया गया, जिसे तत्काल एमबी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

किसान संघ ने भेजा सीएम को ज्ञापन

बांसवाड़ा, (निसं)। भारतीय किसान संघ ने सात सूत्री मांगों को लेकर कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रणछोड पाटीदार एवं जिलाध्यक्ष खेमजी पाटीदार ने बताया कि ज्ञापन में खरीफ फसल व नुकसान अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की बीमा कंपनी से भरपाई कराने, पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता, बिजली का निजीकरण रोकने, टेल तक पानी पहुंचाने, सिंचाई के लिये 6 घंटे बिजली देने, गुजरात पासिंग वाहनों का अनावश्यक चालान बनाने की प्रथा रोकने, सोयाबीन खरीद में नरम रुख अपनाने जैसी मांगे शामिल है।

सार-समाचार

दोपहर बाद हुए सूर्यदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में बुधवार का दिन मौसम का सबसे सर्द दिन के रूप में निकल कर आया। जहां अल सुबह 8 बजे तक तो मौसम में आई नमी व बादलों के रूप में छाये घने कोहरे ने सामान्य जन जीवन को पूरी तरह रोक कर रख दिया और आलम यह रहा है कि आम जन को समय का एहसास ही नहीं हो रहा था। और इसी के चलते के दोपहर के बाद मौसम में बदलाव के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए और फिर दिन भर सूर्यदेव एवं बादलो के बीच लूकाछिपी का खेल चलता रहा। जिससे कडाके की सर्दी के अहसास ने आम जन को घरों में कैद करके रख दिया। मौसम में बदलाव का पूर्वांचल राज्यों में लगातार बर्फ बारी का परिणाम अब तटीय व मैदानी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को अलसुबह से ही सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए तो वही सर्द-हवाओं ने ठिठुरन बढा दी। शहर की सडकों पर वाहनधारियों से लेकर राहगीर ठंड से बचाव के लिए ऊनी-वस्त्रों का साथ ही कम्बल ओडे देखे गए तो वही शहर की पहाडियां धुंध से अटी हुई दिखने के कारण अदृश्य ही रही। वही अल सुबह दफ्तर जाने के लिए निकलने वाले लोग भी सर्दी से बचने के लिए जतन करते हुए नजर आए तो वही शहर के व्यवसायी व छूटकर व्यापारी अलाव ताप कर सर्दी से निजात पाने का जतन करते रहे। बढती सर्दी को देखते हुए लोगो ने अपने खान पान का जायका भी बदला और घरों व दफ्तरों में सर्दियों के लड्डू व चाय की चुस्कियां लेते दिखे।

रक्तदान शिविर आयोजित

उदयपुर, (कासं)। सुलभ नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए गत दिनो संभाग के बडे मेडीकल कॉलेज पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स, उमरडा के साथ अनुबन्ध किया था। इसके अन्तर्गत नि:शुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर विद्या मंदिर स्कूल परिसर में किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार के जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक अनुभव गौड ने बताया कि पिम्स हॉस्पीटल उमरडा के विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. करीना बंसल, डॉ. सत्यम मूर्ति, डॉ. शुभम, डॉ. प्रियंका, डॉ. रोहन मोदी, डॉ. सुरेश दशोरा, ब्लड बैंक से अमिता पुजारी एवं कैम्प लीडर नरेन्द्र पाठक ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग प्रभारी सी.पी. रावल, संभाग अध्यक्ष गिरीश जोशी, महावीर विद्या मंदिर स्कूल संस्थान के अध्यक्ष चोसरलाल कछारा, निदेशक गजेन्द्र मेहता, नकुल मेहता, विनोद पंड्या ने अपनी उपस्थिति दी। शिविर में सैकडों लोगों को निश्शुल्क पारिवारिक आभा आईडी सुविधा कार्ड भी उपलब्ध करवाए गए।

चोरी का असफल प्रयास

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थानान्तर्गत बनकोडा गांव में स्थित रत्नागिरी तीर्थ पर गत रात्रि को अज्ञात बदमाशानों ने दानपेटी उखाड कर तोडने का प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिली तो वही छोड कर भाग छूटे। घटना की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दे दी है। घटनाक्रम के अनुसार बुधवार प्रात: जब तीर्थ का पूजारी सुखलाल मीणा मंदिर स्थल पर पहुंचा तो वहां पर देखा कि मंदिर के गेट टूटा हुआ है जिस पर उसने तत्काल श्री आदि पुण्यविमल जैन तीर्थ स्थान के अध्यक्ष चेतनलाल शाह को घटनाक्रम से अवगत कराया जिस पर कमेटी के सदस्य जयेश भुपतावत, मंगलेश भुपतावत, प्रवीण शाह, नितुल कोठारी, राहुल कोठारी सूजित, दीपक शाह भी मौके पर पहुंचे तो वहां जाकर देखा तो गुरूदेव के मंदिर से दानपेटी को तोड कर बाहर निकाल लगभग 500 मीटर दूर फैंक दिया,लेकिन वह टूट न सकी। जिस कारण आर्थिक नुकसान होने से बच गया। पुलिस ने संस्थान की रिपोर्ट के आधार जांच प्रारंभ कर दी है।

निर्धन छात्रों को 710 स्वेटर वितरित किए

उदयपुर, (कासं)। कानोड मित्र मंडल की कार्यकारिणी ने सर्दी में कानोड नगर के आसपास के ग्रामीण सरकारी विद्यालयों में निर्धन छात्रों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरण कार्य का बीडा उठाया तथा 13 स्कूलों रा.प्रा.वि. वार्ड 15, केसरपुरा, रेगर मोहल्ला, संजय कालोनी, करूमडीया, वार्ड 10, कुडीया, देवलिया, आकोला, अचलाना, बडललीफला, केरपुरा, चतुर माध्यमिक, कानोड में 710 निर्धन एवं जरूरतमंद छात्र छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए। अध्यक्ष दिलीपकुमार भानावत ने बताया कि कानोड मित्र मंडल पिछले 40 वर्षों से सेवा कार्य करता आ रहा है। महामंत्री संजय अलावत ने बताया कि मित्र मंडल ने सेवा कार्य का यह बीडा उठाया है जिसे सफल बनाने में कार्यकारिणी सदस्य एवं संरक्षक का पूरा सहयोग रहा। उदयपुर में निवासरत कानोड के सदस्यों ने सहयोग दिया।

महिला की गोली मारकर हत्या

उदयपुर, (कासं)। बांसवाडा में घर के आंगन में बैठी एक महिला को बाईक सवार बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे इस महिला की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार नंदा (47) पत्नी कैलाश खराडी निवासी आगरपुरा राजतालाब बांसवाडा जो 21 दिसम्बर को अपने घर के आंगन में बैठी थी। इस दौरान एक बाईक सवार दो बदमाश आए और नंदा को गोली मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से एमबी चिकित्सालय उदयपुर रैफर कर दिया गया। एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान इस महिला ने दम तोड दिया। राजतालाब से आए जाब्ता ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द किया।

ठंडी हवाओं ने ठिठुरन का कराया एहसास

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में बुधवार सुबह से ही कोहरे के आगोश में रही। दिनभर सूरज नहीं दिखा और ठंडी हवाएं ठिठुरन भरा एहसास कराती रही । सुबह से ही बादल छाए रहे वही लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव तापते दिखे तो कहीं ऊनी कपडे व जैकेट पहनकर बचाव करते नजर आए।

मौसम विभाग की माने तो राजस्थान में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण 26 और 27 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाएंगे। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी प्रदेश के करीब 22 जिलों में कोहरा छाने और दिन में हल्की धुंध.बादल छाने की संभावना जताई थी।लेकसिटी में भी इसका असर देखा जा रहा है।

यहां भी कोहरा और शीतलहर के कारण जन जीवन पूरी तरह प्रभावित है। लेकसिटी में भी इसका असर देखा जा रहा है। यहां भी कोहरा और शीतलहर के कारण जन जीवन पूरी तरह प्रभावित है। विभाग के अनुसार बुधवार को रात के तापमान में 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। वहीं दिन के तापमान में 1.4 डिग्री बढोत्तरी हुई है। अधिकतम तापमान में 18.8 डिग्री और रात का तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पार्श्वनाथ मंदिर में भगवान का जन्म कल्याणक मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में पोष दशमी महोत्सव के निमित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर में भगवान का जन्म कल्याणक धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात:लाभार्थी परिवार रमिला बेन-अशोक जी परिवार द्वारा के सानिध्य में भगवान का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, फूलपूजा व केसर पूजा व आरती आदि के कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न हुए।

घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर से भगवान की यात्रा निकाली।

इससे पूर्व घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर से भगवान की पालकी निकाली गई जो कि फौज का बडला, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट होते हुए पुराना अस्पताल पहुंचे। इस दौरान जगह जगह पर धार्मिक गीतों पर प्रभु भक्त झुमते रहे। पालकी पुराना अस्पताल परिसर से कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार, माणक चौक होते हुए पुन: मंदिर स्थल पर पहुंची। इस दौरान राह में जगह जगह धर्म प्रेमियों ने पालकी की आगवानी की। इसके पश्चात स्नात्रपूजा का आयोजन हुआ तथा मेहता सज्जनदेवी चीमनलाल परिवार द्वारा आरती मंगल दीपक उतारे गये। इस दौरान धर्म प्रेमियो ने चेत्यवंदन तथा आराधना की। इस अवसर पर श्रद्वालुओं ने खिर का एकाशना किया। जिनालय में श्रीजी की प्रतिमा का मनोहारी श्रृंगार भी किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन, संजय मेहता, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष मोहित मेहता, गजेन्द्र मेहता, सुभाष मेहता, कनक मेहता, अभय मेहता, शैलेष मेहता, महावीर जैन, वीरेन्द्र मेहता,अरविन्द मेहता, ,सचिन शाह, नितेश मेहता,राजेन्द्र भमावत,भूपेन्द्र सिंधवी, महीपाल जैन, भूपेन्द्र जैन सहित बडी संख्या में धर्म पे मी उपस्थित थे। इसी तरह आसपुर-बडौदा-बनकोडा, पूंजपुर में अमिझरा पार्श्वनाथ दादा के जन्म कल्याणक महोत्सव पर श्रीसंघ के तत्वावधान में भगवान श्री अमिझरा पार्श्वनाथ का तीन दिवसीय पौष दशमी पर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज हुआ वहीं दादा के दरबार को रोशनी व पनियों से भव्य सजाया गया व मुलनायक भगवान अमिझरा पार्श्वनाथ दादा के जयकारों के साथ दुग्धाभिषेक जलाभिषेक केशर पुजा, फूल पुजा आदि कर विधि विधान के साथ भगवान का वरघोडा मंदिर से आसपुर के विभिन्न मांगों से गाजों बाजों के साथ निकला।

उदयपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाना है तो सबको दायित्व निभाना होगा : गुप्ता

उदयपुर, (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती सुशासन दिवस के अंतर्गत नगर निगम उदयपुर के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय रंगमंच में शपथ एवं सुशासन दिवस शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य वक्ता स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदेश रिसोर्स पर्सन और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता रहे, मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा रहे। सम्मानीय अतिथि उद्योगपति गिरीश जोशी सरक्षक और मेवाड जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा रहे।

स्वच्छ उदयपुर के पोस्टर का विमोचन करते (बीच में) के.के.गुप्ता।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल का यह सपना था कि हमारा भारत देश है विकसित और समृद्धशाली बने। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान वर्ष 2014 में प्रारंभ किया गया है जिसके तहत भी यह संकल्प है की हमारा देश के 142 करोड लोगों तक स्वच्छता पहुंचनी चाहिए।

गुप्ता ने कहा कि राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का भी यह विजन है कि हमारे राजस्थान को देश के अन्य राज्यों की प्रतिस्पर्धा में सबसे पहले विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री द्वारा राइजिंग राजस्थान सबमिट का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 35 लाख करोड रुपए राजस्थान में निवेश करने के तहत समझौता पत्र देश और विद